उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
द्वितीय प्रवेश द्वार, रेलवे स्टेशन,
केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने,
हसनपुरा, जयपुर।

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित,

विषयः– एएलपी के पदों पर विभागीय पदोन्नति कोटे के अन्तर्गत आयोजित सीबीटी/सीबीएटी के संबंध में।

*****

विभागीय पदोन्नति कोटे के अन्तर्गत आयोजित सीबीटी द्वारा ग्रुप 'सी' के सहायक लोको पायलेट के पदों की रिक्तियों को भरने हेतु कम्प्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 02.07.2024 को आयोजित की जा चुकी है, **जिसका परिणाम शीघ्र ही जारी किया जाएगा।**

2. उक्त की निरन्तरता में, CBT के आधार पर, निर्धारित मानकों के अनुरूप मनोवैज्ञानिक परीक्षा के लिए, पात्र/सफल पाए जाने वाले अभ्यर्थियों का, अधिसूचित पदों के लिए कम्प्यूटर आधारित मनोवैज्ञानिक परीक्षा/Computer Based Aptitude Test (CBAT) का आयोजन दिनांक 10.09.2024 को जयपुर में किया जाना प्रस्तावित है।

3. इसके लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे मनोवैज्ञानिक परीक्षा के प्रश्न पत्र के प्रारूप व अन्य जानकारी के लिए RDSO (www.rdso.indianrailways.gov.in -> Directorates -> Psycho Technical Directorate -> Candidates Corner) का अवलोकन करें एवं उक्त परीक्षा के लिए तैयार रहें।

4. इसके अतिरिक्त, ई कॉल लेटर, परीक्षा केन्द्र पर वांछनीय दस्तावेजों एवं चिकित्सा विज़न प्रमाण पत्र एवं स्व घोषणा के बारे में अलग से जरिए वेबसाइट सूचित कर दिया जाएगा।

5. इस भर्ती से संबंधित अद्यतन सूचनाओं के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

(सं.740ई/आरआरसी/विभागीय पदोन्नति, दिनांक 23.08.2024)

कृते अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष